BHDE-142 (BAG/BAHDH)

सत्रीय कार्य
(जुलाई 2026 तथा जनवरी 2027)

पाठ्यक्रम कोड : बी.एच.डी.ई.–142 : राष्ट्रीय काव्यधारा

मानविकी विद्यापीठ
इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय
मैदान गढ़ी, नई दिल्ली–110068

हिन्दी में आधार पाठ्यक्रम
सत्रीय कार्य

पाठ्यक्रम कोड : बी.एच.डी.ई–142/ BAG/BAHDH

प्रिय छात्र/छात्राओ!

'राष्ट्रीय काव्यधारा' पाठ्यक्रम में आपको एक सत्रीय कार्य करना है। यह सत्रीय कार्य शिक्षक जाँच सत्रीय कार्य (टी.एम.ए.) है। सत्रीय कार्य के लिए 100 अंक निर्धारित किये गये हैं।

उद्देश्य : सत्रीय कार्य का मुख्य उद्देश्य यह जाँचना है कि आपने पाठ्य सामग्री को कितना समझा है और आप स्वयं उसे अपने शब्दों में कैसे प्रस्तुत कर सकते हैं। उद्देश्य यह भी है कि अध्ययन के दौरान जो कुछ आपने सीखा और समझा है उसे आलोचनात्मक ढंग से प्रस्तुत कर सकें।

निर्देश : सत्रीय कार्य आरभं करने से पूर्व निम्नलिखित बातों को ध्यान से पढ़िए :

1. ऐच्छिक पाठ्यक्रम के लिए कार्यक्रम दर्शिका में दिए गए विस्तृत निर्देशों का सावधानी पूर्वक अध्ययन कीजिए।
2. अपनी उत्तर पुस्तिकाओं के पहले पृष्ठ के दाएँ सिरे पर अनुक्रमांक, नाम, पूरा पता और दिनांक लिखिए।
3. अपनी उत्तर पुस्तिकाओं के प्रथम पृष्ठ के मध्य भाग में पाठ्यक्रम का शीर्षक, सत्रीय कार्य संख्या और अपने अध्ययन केन्द्र का उल्लेख कीजिए।
4. उत्तर पुस्तिका का प्रथम पृष्ठ निम्न प्रकार से शुरू होगा :

अनुक्रमांक : .....
नाम : .....
पता : .....
.....

पाठ्यक्रम का नाम/कोड : .....

सत्रीय कार्य कोड : .....
अध्ययन केन्द्र का नाम/कोड : ..... दिनांक : .....

5. उत्तर के लिए केवल फुलस्केप के आकार के कागज़ का इस्तेमाल करें और उन कागज़ों को अच्छी तरह से बाँध लें।
6. प्रत्येक उत्तर के पहले प्रश्न संख्या अव य लिखें और अपनी ही लिखावट में उत्तर दें।
7. सत्रीय कार्य पूरा करके जाँच के लिए अपने अध्ययन केन्द्र के संयोजक (Coordinator) के पास निर्धारित तिथि तक अवश्य जमा करा दें।

सत्रीय कार्य जमा करने की अंतिम तिथि :

जुलाई 2026: जून 2027 सत्रांत परीक्षा के लिए सत्रीय कार्य जमा करने की अंतिम तिथि : 31 मार्च, 2027

जनवरी 2027: दिसंबर, 2027 सत्रांत परीक्षा के लिए सत्रीय कार्य जमा करने की अंतिम तिथि : 30 सिंतबर, 2027

सत्रीय कार्य के लिए आवश्यक निर्देश :

सत्रीय कार्य के तीन खंड हैं और उसमें तीन तरह के प्रश्न पूछे गए हैं। उत्तर देने के लिए आप निम्नलिखित विधि से तैयारी करेंगे तो आपके लिए लाभप्रद होगा :

उत्तर देने के लिए आप निम्नलिखित विधि से तैयारी करेंगे तो आपके लिए लाभप्रद होगा :

1. **अध्ययन** : सबसे पहले सत्रीय कार्य को ध्यान से पढ़िए। फिर इससे संबंधित इकाइयों का अध्ययन कीजिए। अंत में प्रत्येक प्रश्न के संबंध में सभी खास बातें नोट कर लीजिए और उन्हें तार्किक ढंग से पुनर्व्यवस्थित कीजिए।

2. **अभ्यास** : अपने उत्तर का प्रारूप लिखने से पूर्व नोट की गई बातों पर विचार कीजिए। निबंधात्मक या टिप्पणीपरक प्रश्नों में आरंभ और उपसंहार का विशेष ध्यान दीजिए। उत्तर के आरंभिक अंश में प्रश्न की संक्षिप्त व्याख्या और अपने उत्तर की दिशा का संकेत अवश्य दे देना चाहिए। मध्य भाग में आप उत्तर का मुख्य भाग आवश्यक विस्तार के साथ क्रमबद्ध और तार्किक ढंग से प्रस्तुत करें। उपसंहार में उत्तर का सार देना चाहिए।

   यह सुनिश्चित कर लीजिए कि :
   क) आपका उत्तर तार्किक और सुसंगत हो,
   ख) वाक्यों और अनुच्छेदों (Paragraphs) के बीच स्पष्ट क्रमबद्धता हो,
   ग) उत्तर सही ढंग से लिखा गया हो तथा जो आपकी अभिव्यक्ति, शैली और प्रस्तुति के पूर्णतया अनुकूल हो।
   घ) उत्तर प्रश्न में निर्धारित शब्दों से अधिक लंबा न हो, और
   ङ) आपके लेखन में भाषागत त्रुटियाँ न हों, विशेष रूप से मात्रा और व्याकरण संबंधी गलतियों से बचें।

   1. **प्रस्तुति** : जब आप अपने उत्तर से पूर्णतया संतुष्ट हो जाएँ तो उसको साफ और सुंदर अक्षरों में उत्तर पुस्तिका में लिख लीजिए तथा जिन बातों पर आप ज़ोर देना चाहते हैं उन्हें रेखांकित कर दीजिए।
   2. **विशेष** : अपने उत्तर की फ़ोटो प्रति/कार्बन प्रति अपने पास अवश्य रखें।

शुभकामनाओं सहित!

नोट : याद रखें कि विश्वविद्यालय के नए नियमानुसार परीक्षा में बैठने से पूर्व सत्रीय कार्य जमा कराना अनिवार्य है अन्यथा आपको परीक्षा में बैठने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

सत्रीय कार्य
(संपूर्ण पाठ्यक्रम पर आधारित)

पाठ्यक्रम कोड : बी.एच.डी..ई–142 / BAG /BAHDH
सत्रीय कार्य कोड : बी.एच.डी..ई–142 / 2026 - 2027
कुल अंक : 100

नोट : सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

खंड – क

1. निम्नलिखित पद्यांशों की ससंदर्भ व्याख्या कीजिये : **10×4=40**

क. था कौन ईश्वर के सिवा जिसको हमारा सिर झुके?
हाँ, कौन ऐसा स्थान था जिसमें हमारी गति रुके?
सारी धरा तो थी धरा ही, सिन्धु भी बँधवा दिया
आकाश में भी आत्म–बल से सहज ही विचरण किया।

ख. क्या गाती हो?
क्यों रह–रह जाती हो,
कोकिल बोलो तो
क्या लाती हो?
सन्देशा किसका है?
कोकिल बोलो तो!

ग. तेरे पर्वत शिखर कि नभ को भू के मौन इशारे।
तेरे वन जग उठे पवन से हरित इरादे प्यारे!
राम–कृष्ण के लीलामय में उठे बुद्ध की वाणी
काबा से कैलाश तलक उमड़ी कविता कल्याणी

घ. जीवन–ज्योति लुप्त है– आहा!
सुप्त है संरक्षण की घड़ियाँ,
लटक रही हैं प्रतिपल में इस
नासक संभक्षण की लड़ियाँ।
चकनाचूर करो जग को, गूँजे
ब्रह्मांड नाश के स्वर से,
रुद्ध गीत की क्रुद्ध तान है
निकली मरे अंतरतर से!

खंड – ख

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लगभग 500 शब्दों में दीजिए : **10×4=40**

2 भारत में राष्ट्रीय चेतना के विकास में उपनिवेशवाद विरोध संघर्ष की भूमिका को रेखांकित कीजिए।

3 मैथिलीशरण गुप्त की राष्ट्रीय भावना और सामाजिक चेतना की व्याख्या कीजिए।

4 माखनलाल चतुर्वेदी के काव्य का मूल्यांकन कीजिए।

5 सुभद्रा कुमारी चौहान की भाषा शैली पर विचार कीजिए।

खंड – ग

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लगभग 200 शब्दों में दीजिए : **5×4=20**

6 दिनकर के काव्य में राष्ट्रीय चेतना पर टिप्पणी कीजिए।

7 श्यामानारायण पाण्डेय की भाषा शैली पर विचार कीजिए।

8 बालकृष्ण शर्मा 'नवीन' के साहित्य की प्रमुख प्रवृत्तियों पर संक्षेप में विचार कीजिए।

9 'हिमालय' शीर्षक कविता का प्रतिपाद्य स्पष्ट कीजिए।